ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-03-2026

बोकारो(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-03-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-03-27	2026-03-28	2026-03-29	2026-03-30	2026-03-31
वर्षा (मिमी)	0.0	2.3	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.9	37.4	36.5	38.8	40.2
न्यूनतम तापमान(से.)	22.2	23.5	23.8	23.6	24.7
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	41	55	60	62	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	15	18	14	15
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	1.6	7.7	9.0	4.3	3.2
पवन दिशा (डिग्री)	117	233	204	185	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	4	1	1	1
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	कोई चेतावनी नहीं	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान बढ़ने की संभावना है और हवा की गति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

गरज और बिजली, तूफ़ान वगैरह; तेज़ सतही हवाएँ

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना, फलों का झड़ना, और सब्जियों तथा तिलहनों जैसी फसलों में रोगों का प्रकोप।

सामान्य सलाहकार:

बारिश की संभावना को देखते हुए, किसानों को पकी हुई फसलों की कटाई टाल दे, यदि कटाई पहले ही हो चुकी है, तो कटी हुई फसलों को किसी सुरक्षित और सूखी जगह पर रखें। बारिश तथा तेज़ हवाएं चलने की संभावना को

देखते हुए अगर फसलों को नुक्सान पहुंचे तो छतिग्रस्त फसलों मे 2% यूरिया का छिड़काव करें। वर्षा के पश्चात फफूंद रोगों की संभावना रहती है अत: बीमारी की निगरानी रखें। आने वाले दिनों में किसी भी प्रकार का छिड़काव ना करें। रबी फसल की कटाई के पश्चात इच्छुक किसानगरमा सब्जी की नर्सरी तैयार करें।

लघु संदेश सलाहकार:

लत्तर वाली सब्जियों जैसे खीरा, ककड़ी, कद्दू, कदीमा आदि में जिनका बढ़वार ज्यादा हो गया हो, उसमें झांकी लगा दें, जिससे पत्तियों एवं फलों का संपर्क सीधे मिट्टी से नहीं हो सके।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	पिछले दिनों तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने और लगातार बारिश के कारण तना छेदक कीट के प्रकोप की संभावना है। यदि लक्षण दिखाई दें तो इसे नियंत्रित करने के लिए क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली प्रति एकड़ (0.3 से 0.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोल) डालें।
मक्का	रबी फसलों की कटाई के पश्चात खेतों मे गरमा मक्का की बुवाई के लिए जाएँ। खेत की तैयारीके समय 40 से 60 क्विंटल प्रति एकड़ गोबर की सड़ी खाद या कम्पोस्ट का व्यवहार करें। खेतोंको भुरभुरा कर लें। बीज दर हेतु 8 किलोग्राम प्रति एकड़ के दर से लें। उन्नत प्रभेद है –बी.ए.यू.एम.एच – 05, पीला फ्लिंट, प्रकाश, विवेक संकर मक्का। बुवाई के समय स्फुर 24 किलोग्राम (52 किलोग्राम डी ए पी), 16 किलोग्राम पोटाश (27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश)तथा नत्रजन की आधी मात्र 24 किलोग्राम (52 किलोग्राम यूरिया) प्रति एकड़ के दर से डालें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	बैगन के फसल में तना एवं फल छेदक कीड़ों से बचाव फेरोमोन ट्रैप लगवाकर बिना रासायनिक दवाओं के किया जा सकता है। एक एकड़ में 4-5 फेरोमोन ट्रैप लगाने की अनुशंसा की जाती है| अगर फसल में फल सड़न एवं पत्ती का धब्बा रोग का आक्रमण हो रहा हो तो ग्रसित पत्तियों को तोड़ लें तथा फफूंदीनाशी दवा मैनकोज़ेब का छिड़काव 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से करें।
टमाटर	बारिश के बाद टमाटर के खेतों में बैक्टीरियल विल्ट (जीवाणु जनित मुरझान) की समस्या हो सकती है। इसे नियंत्रित करने के लिए, कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (3 ग्राम) और प्लांटोमाइसिन (1 ग्राम) को प्रति लीटर पानी में मिलाकर पौधों की जड़ों में डालें।
आम	वर्तमान मौसम की स्थिति में आम के कीट एवं रोग बरसात के साथ धूल गए हैं। अत: किसान भाई किसी भी तरह का छिड़काव करने से पहले आम की फलों में सतत निगरानी रखें। अगर आम में फुदका कीट के प्रकोप दिखाई दे तो फॉस्फैमिडोन 40 % एस. एल. @ 0.5 मिली/ली या डाइमेथोएट 30% ई. सी. @ 2 मिली/ली का छिड़काव फूलों की प्रारंभिक अवस्था के दौरान करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
पौध - संरक्षण	कद्दूवर्गीय फसलों में लाल कद्दू भृंग (Red Pumpkin Beetle) को नियंत्रित करने के लिए, क्यनट्रेनिलीप्रोल 10.26% OD का 400 मिलीलीटर/एकड़, इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL का 60 मिलीलीटर/एकड़, या क्लोरोपायरीफोस 20% EC का 400 मिलीलीटर/एकड़ की दर से छिड़काव करें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

फसलों का गिरना, फलों का झड़ना, और सब्जियों तथा तिलहनों जैसी फसलों में रोगों का प्रकोप।

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

परिपक्व फसलों की कटाई करें और उन्हें सुरक्षित जगह पर रखें।

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details